हरिभूमि

# मध्यांचल भूमि

रायपुर, सोमवार 9 फरवरी 2026


तापमान

अधिकतम 31.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री


09 नयापारा वार्ड में श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ का ...



10 आचार्यों के व्यक्तित्व विकास की दृष्टि से...






## खबर संक्षेप

### असम चुनाव प्रचार की कमान सुशील शर्मा को हुए रवाना

**भाटापारा।** कृषि ऊपज मंडी के पूर्व अध्यक्ष एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रतिनिधि सुशील शर्मा आज असम प्रदेश में चुनाव प्रचार करने 9 फरवरी को फ्लाईट से नई



दिल्ली रवाना होंगें, सुशील शर्मा को असम प्रदेश में चुनाव प्रचार की ज़िम्मेदारी अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी नई दिल्ली से प्राप्त हुई है। वे असम प्रदेश चुनाव प्रचार की महत्वपूर्ण बैठक जो इंदिरा भवन दिल्ली में वरिष्ठ नेताओं के साथ आयोजित है उसमे भाग लेकर दिशा निर्देश प्राप्त कर दिल्ली से असम रवाना होंगे। विदित हो की सुशील शर्मा चुनाव प्रचार करने उत्तर प्रदेश, हिमांचल प्रदेश, गुजरात प्रदेश, हरियाणा प्रदेश, झारखंड प्रदेश, असम प्रदेश में पूर्व में अपनी सक्रिय भागीदारी चुनाव में निभा चुके है। सुशील शर्मा को नई जिम्मेदारी मिलने पर अनेक कांग्रेसी नेताओ ने बधाई दी।

### सुपरवाइजर के साथ मारपीट, जुर्म दर्ज



**महासमुंद।** ग्राम अछोला स्थित लाइसेंसी आहाता के सुपरवाइजर के साथ कुछ लोग मारपीट कर गल्ले में रखे हुए रुपए को लेकर चले गए। मामले की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस को अछोला के लायसेंसी आहाता के सुपरवाइजर तुकेश पिता बाबूलाल साहू (28 वर्ष) ने बताया कि 07 फरवरी को दोपहर करीब 1.20 बजे लक्की ठाकुर, दद्दू ध्रुवंशी, गुलशन, प्रकाश एवं उनके साथी शराब पीने आए थे। डिस्पोजल पानी लेने पर चिल्हर मांगने पर विवाद शुरू हो गया और वे लोग गालियां देने लगे। अहाता स्टाफ अभिषेक सिंह, छोटेलाल, राजू द्वारा उन्हें रोकने का प्रयास किया गया। लेकिन, वे लोग नहीं माने तथा अचानक मारपीट शुरू कर दिया, अहाता में अंदर घुसकर भी मारपीट की और गल्ले से लगभग 1800 रुपए निकाल कर ले गए और जान से मारने की धमकी दी। मामले की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 296, 115(2), 351(3), 309(4) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### विवादित भूमि पर अवैध कब्जा और स्कूल का संचालन

**महासमुंद।** जिले के पिथौरा तहसील अंतर्गत ग्राम तरेकेला में भूमि विवाद का एक मामला सामने आया है। यहां निजी भूमि पर अवैध कब्जे और न्यायिक आदेशों के उल्लंघन के साथ-साथ बच्चों की सुरक्षा से जुड़े गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। प्रार्थी महंत हरिशचंद दास के अनुसार, ग्राम तरेकेला में उनके नाम पर दर्ज निजी भूमि बी-1/खसरा रिकॉर्ड पर कुछ लोग जबरन कब्जा करने का प्रयास कर रहे हैं। प्रार्थी का आरोप है कि पहले इस जमीन पर व्यक्तिगत नाम से दावा किया गया था, जिसे प्रशासन ने खारिज कर दिया। अब उसी जमीन को एक समिति के नाम पर हड़पने की कोशिश की जा रही है। विवाद उस समय और गंभीर हो गया जब यह पता चला कि इसी विवादित जमीन पर संत कबीर प्रतिभा प्रगति विद्यालय चलाया जा रहा है। प्रार्थी का कहना है कि न तो भूमि स्वामी से अनुमति ली गई है और न ही स्कूल संचालन के लिए आवश्यक वैधानिक दस्तावेज मौजूद हैं। बिना मान्यता और अनुमति के स्कूल का संचालन वहां पढ़ रहे बच्चों के भविष्य और सुरक्षा के साथ खिलवाड़ है।

# बोर्ड परीक्षा के दौरान तेज डीजे व लाउडस्पीकर से छात्र परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़पार सरसीवां

बोर्ड परीक्षाएं करीब है और अंचल में लाउडस्पीकर, डी जे ऊंची आवाज में अब भी बजाए जा रहे हैं जिससे बच्चों की पढ़ाई में व्यवधान उत्पन्न हो रहा है। बोर्ड परीक्षाओं के दौरान शादी-विवाह व अन्य आयोजनों में तेज आवाज में बजने वाले डीजे से छात्रों की पढ़ाई गंभीर रूप से प्रभावित हो रही है। रात के 10 बजे के बाद भी डीजे के शोर के कारण स्टूडेंट्स का ध्यान भटक रहा है और मानसिक तनाव बढ़ रहा है। तेज आवाज से छात्रों को नींद न आने और ध्यान केंद्रित न कर पाने की शिकायतें आ रही हैं, जिससे परीक्षा परिणाम व भविष्य पर बुरा असर पड़ने की आशंका है। देर रात तक तेज संगीत के कारण स्थानीय निवासी और छात्र दोनों परेशान हैं। बता दें कि छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने ध्वनि प्रदूषण पर नाराजगी जताई है और जुर्माने के साथ कोलाहल नियंत्रण अधिनियम के तहत ऐसे उपकरण को जप्त करने का सख्त निर्देश जारी किया है। डी जे मालिक कायदा कानून मानने को तैयार ही नहीं होते ये नियमों को ताक में रखते हुए ऊंची आवाज में बाजे बजाते हैं। अक्सर आवाज कम करने को कहने पर बड़ा विवाद हो जाता है। जहां समारोह हो रहा होता है वहां के आसपास के लोगों का ध्यान रखना चाहिए कि उन पर तेज आवाज कितना प्रभावित करती होगी। तेज आवाज से नाराज लोगों का साफ कहना है कि ऐसे समारोह, विवाह भवन नगर और गांव से बाहर आयोजित किया जाना चाहिए ताकि किसी को कोई परेशानी न हों।

## मुड़पार-अंचल में तेज शोरगुल से पढ़ाई प्रभावित

### अभिभावकों ने की तेज शोरगुल पर अंकुश लगाने की मांग

इधर अभिभावकों ने कहा कि अपने बच्चों को सालभर अच्छे पढ़ाई के लिए भारी भरकम खर्च कर पूरी तैयारी कराते हैं, प्रोत्साहित करते हैं ताकि उनके बच्चे परीक्षा में बेहतर परिणाम ला सकें लेकिन तेज आवाज बच्चों की पढ़ाई में खलल डाल रही है। वहीं लोगों ने कहा कि इसकी शिकायत समीप के थाने में की जाती है लेकिन पुलिस ज्यादा ध्यान नहीं दे पाती कभी कार्यवाही की जाती है तो पुलिस वाले खुद सूचना देने वाले का नाम जाहिर कर देती है जबकि पुलिस को सूचना देने वालों का नाम गोपनीय रखना होता है। इससे विवाद की स्थिति निर्मित हो जाती है। अभिभावकों ने ऐसे तेज शोरगुल पर अंकुश लगाते हुए सख्त कार्यवाही करने और नियम विरुद्ध ज्यादा तेज बजाने वाले डीजे मालिक के खिलाफ सामान जप्त करने की कार्यवाही करने की मांग की है।



### तेज आवाज सभी के लिए नुकसानदायक

तेज आवाज बुजुर्ग, रोगी व्यक्ति ही नहीं मवेशी, कुत्ते,बिल्ली, पक्षियों सहित अन्य जीव जंतुओ की सेहत के लिए नुकसान दायक होता है। ये जीव जंतु फ़टाके,डी जे की तेज शोरगुल से दहशत में आ जाते हैं कई तो तेज आवाज को बर्दाश्त नहीं कर पाते इनके असमय मौत हो जाती है। कुत्ते, बिल्ली, पंक्षियों को पालने वालों ने बताया कि ये जीव तेज आवाज से डरकर यहां वहां जाकर छिपते हैं डर इस कदर की ये खाना पीना छोड़ देते हैं।

## कार्रवाई : शेयर निवेश के नाम पर करोड़ों की ठगी उजागर

# गिधौरी पुलिस ने धोखाधड़ी के आरोपी मनोहर लाल को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गिधौरी

थाना गिधौरी पुलिस ने सक्रिय जांच एवं विवेचना के बाद आरोपी मनोहर लाल साहू (35) को गिरफ्तार किया। आरोपी पर दो गंभीर प्रकरण दर्ज हैः पहला, जमीन बिक्री के नाम पर 8.11 लाख रुपये ठगने का और दूसरा, शेयर ट्रेडिंग में निवेश कर पैसा दुगना करने का झांसा देकर करोड़ों रुपये की ठगी का।

- दोनों मामलों में आरोपी ने स्वीकारा अपराध

पहले प्रकरण में प्रार्थी संतोष कुमार साहू निवासी वार्ड नंबर 5 टुण्डरा द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि माह जून 2017 में आरोपी मनोहर लाल साहू के माध्यम से रायपुर में 2000 स्क्वायर फीट जमीन बिक्री करने का सौदा करते हुए रजिस्ट्री के पहले प्रार्थी द्वारा नगद एवं ऑनलाइन माध्यम से कुल 8,11,000 आरोपी को दिया गया, किंतु आरोपी द्वारा जमीन का रजिस्ट्री नहीं कराया गया। रुपए वापस मांगने पर आरोपी टालमटोलगा। आरोपी द्वारा जमीन बिक्री के नाम पर रकम लेकर रजिस्ट्री नहीं कराकर बेईमानी पूर्वक कार्य करते हुए धोखाधड़ी किया गया है। कि रिपोर्ट पर थाना गिधौरी में अपराध क्र. 29/2026 धारा 426 भादवि का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

## जमीन बिक्री के नाम पर भी की लाखों रूपयों की धोखाधड़ी




### पूछताछ में आरोपी ने स्वीकार अपराध

उपरोक्त प्रकरणों में पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता द्वारा आरोपी को तत्काल गिरफ्तार करने हेतु थाना प्रभारी गिधौरी को निर्देश दिया गया। उक्त निर्देशों की परिपालन में थाना गिधौरी पुलिस द्वारा आरोपी मनोहर लाल साहू को हिरासत में लिया गया, जिससे पूछताछ करने पर आरोपी द्वारा पहले प्रकरण में जमीन बिक्री के नाम पर ठगी तथा दूसरे प्रकरण में आरोपी रामनारायण साहू एवं अन्य के साथ मिलकर लोगों से ठगी करना स्वीकार किया गया। कि प्रकरणों में आरोपी को 8 फरवरी को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है।

### रकम को दुगना करने का दिया झांसा

दूसरे प्रकरण में शेयर ट्रेडिंग में निवेश कर 2 वर्ष में रकम का दुगना कर वापस करने का झांसा देते हुए आरोपी रामनारायण साहू, मनोहर साहू एवं अन्य द्वारा विभिन्न लोगों से करोड़ रूपयों की धोखाधड़ी की घटना को अंजाम दिया गया है, जिस पर थाना कसडोल एवं गिधौरी में आरोपियों के विरुद्ध अपराधिक प्रकरण दर्ज किया गया है। आरोपियों द्वारा कसडोल, लवन, गिधौरी, शिवरीनारायण, महासमुंद, रायगढ़ आदि के भी कई लोगो के साथ भी शेयर ट्रेडिंग में पैसे लगाकर कम समय मे पैसा दुगुना करने का झांसा देकर करोड़ों रुपये की ठगी किया गया। थाना गिधौरी में पंजीबद्ध अपराध क्र. 170/2025 धारा 318(4),3(5),111 बीएनएस प्रकरण की जांच एवं विवेचना क्रम में आरोपी मनोहर लाल साहू के भी शामिल होने के संबंध में पता चला।

# माघी पूर्णिमा मेले में बनाया गया निःशुल्क विधिक सहायता केंद्र



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गिधौरी

शबरी की पावन धरा शिवरीनारायण माघी पूर्णिमा मेले में 1 से 15 फरवरी तक प्रधान जिला सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जांजगीर के अध्यक्ष शक्ति सिंह राजपूत के निर्देशन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव मनोज कुमार कुशवाहा के मार्गदर्शन में प्रथम श्रेणी व्यवहार न्यायाधीश एवं तालुका विधिक सेवा समिति नवागढ़ के अध्यक्ष आरती ठाकुर एवं प्रथम श्रेणी व्यवहार न्यायाधीश एवं तालुका विधिक सेवा समिति पामगढ़ के अध्यक्ष शीलू केशरी के द्वारा विधिक सहायता एवं सलाह केन्द्र का मेले में स्टॉल लगा कर लोगों को कानून संबंधित जानकारियां निःशुल्क दी जा रही है।

- मेले में दी जा रही है नि:शुल्क कानूनी जानकारियां
- अब तक 5200 से अधिक लोगों ने ली विधिक सलाह

अब तक 5200 से अधिक लोगों को निःशुल्क कानूनी जानकारियां प्रदान की जा चुकी हैं।शनिवार सायंकाल क्षेत्रीय विधायक शेषराज हरवंश जी स्टॉल पहुंच कर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जांजगीर के द्वारा माघी पूर्णिमा मेले में निःशुल्क कानूनी जानकारियां प्रदान करने पर प्रसन्नता जाहिर करते हुए कहा कि लोगों को निःशुल्क कानूनी जानकारियां ▶▶ शेष पेज 09 पर

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर प्रमुख रुप से पामगढ़ विधायक शेषराज हरवंश, नायब तहसीलदार संजय बरेठ, पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष राघवेन्द्र प्रताप सिंह, तहसील अधिवक्ता संघ शिवरीनारायण के पूर्व अध्यक्ष जितेन्द्र तिवारी, अधिवक्ता बलराम मधुकर, भुनेश्वर बंजारे, भारत भूषण बंजारे, कुमार निराला, जीवन लाल कश्यप, गजेन्द्र बंजारे, कुंज बिहारी तुर्काने, देव प्रसाद साहू, पार्षद सुधांश तिवारी, पूर्व नगर पंचायत उपाध्यक्ष राजेंद्र यादव, पूर्व पार्षद शिवशंकर सोनी लीलाराम कश्यप सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

### सारंगढ़ में हुआ परिचय सम्मेलन



**गोपालपुर ।** सतनामी समाज युवक-युवती परिचय सम्मेलन सारंगढ़ में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित सम्माननीय प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज बिलाईगढ़ के अध्यक्ष सालिक राम घृतलहरे, पूर्व अध्यक्ष एवं प्रदेश प्रतिनिधि रामदास जांगड़े, बिलाईगढ़ परिक्षेत्र सचिव मुकेश खूंटे, वरिष्ठ समाजसेवी एवं शिक्षक मलेच राम खूंटे एवं बिलाईगढ़ परिक्षेत्र कार्यकारी अध्यक्ष पुकराम कुर्रे उपस्थित हुए।

## मुनि सुयश सागर व कौशल्य सागर का भव्य स्वागत

**सिमगा |** मुनि सुयश सागर एवं मुनि कौशल्य सागर महाराज नेवरा से पद यात्रा करते हुए सिमगा नगर आगमन हुआ । जहां जैन समाज के लोगों एवं पालिका अध्यक्ष हरदीप सिंह भाटिया ने मुनिश्री के आगमन पर ढोल नगाड़ों के साथ जय जय गुरुदेव के जयघोष के साथ श्रद्धा भक्ति भाव से भव्य आगवानी किया । इस अवसर पर जैन समाज के सभी सदस्य उपस्थित थे ।



# 85 लाख के विकास कार्यों का भाजपा नेता शिवरतन शर्मा ने किया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

भाजपा नेता शिवरतन शर्मा द्वारा निरन्तर अधोसंरचना निर्माण एवं विकास कार्यों का लोकार्पण व भूमिपूजन किया जा रहा है। गुणवत्तापूर्ण और तय समय में विकास कार्यों को पूरा करने के लिए वे स्वयं विधानसभा में होने वाले सभी कार्यों की समय-समय पर समीक्षा कर रहे हैं,वहीं उनका निरिक्षण भी कर रहे है। शनिवार क्रो शिवरतन शर्मा ने ग्राम मोपर की मूलभूत सुविधाओं के मद्देनजर 85



लाख के विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन किया।

इस अवसर पर शिवरतन शर्मा ने कहा कि हमारे देश की पहचान हमारे गाँव से है, इसलिए हमारे ग्रामीण क्षेत्रों ▶▶ शेष पेज 09 पर

## टुंडरा सहित जिले के 13 स्थानों पर विशेष अभियान चलाया गया

# डाकघर बचत योजनाओं के प्रचार के लिए डोर-टू-डोर अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सेल

भारतीय डाक विभाग द्वारा डाकघर बचत बैंक की विभिन्न योजनाओं के व्यापक प्रचार-प्रसार के उद्देश्य से जिले में एक साथ 13 चयनित स्थानों पर विशेष डोर-टू-डोर अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के माध्यम से आम नागरिकों तक सीधे पहुंच बनाकर उन्हें डाकघर की सुरक्षित एवं लाभकारी बचत योजनाओं की जानकारी दी जा रही है।

- नागरिकों को सुरक्षित निवेश की जानकारी देने का प्रयास

डाक विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार, अभियान के अंतर्गत कई क्षेत्रों में कर्मचारियों द्वारा घर-घर जाकर नागरिकों को डाकघर बचत बैंक की योजनाओं, सुरक्षित निवेश विकल्पों तथा आकर्षक ब्याज दरों की जानकारी दी गई। वहीं कुछ प्रमुख स्थानों पर काउंटर एवं शिविर के माध्यम से भी लोगों को योजनाओं से जोड़ा गया। कई क्षेत्रों में डोर-टू-डोर अभियान और काउंटर व्यवस्था दोनों माध्यमों से एक साथ कार्य किया गया।अभियान के दौरान सुकन्या समृद्धि योजना आवर्ती जमा सावधि जमा सहित अन्य डाकघर बचत योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई।




### भरोसेमंद सेवाओं से जोड़ना है उद्देश्य

डाक विभाग का मुख्य उद्देश्य अधिक से अधिक लोगों को सुरक्षित निवेश की ओर प्रेरित करना तथा डाकघर की भरोसेमंद सेवाओं से जोड़ना है। इस अवसर पर टुंडरा क्षेत्र में आयोजित अभियान में नागेश ओम प्रकाश,एल संतोष रमाकांत तोमेश किरण ज्योति आकांक्षा नीलकमल मनीराम एवं संजय उपस्थित रहे। वहीं कुछ निर्धारित कर्मचारी टुंडरा क्षेत्र में आयोजित अभियान में उपस्थित नहीं हो सके। डाक विभाग के अधिकारियों ने नागरिकों से अपील की है कि वे इस अभियान का अधिक से अधिक लाभ उठाएं और डाकघर बचत बैंक की योजनाओं के माध्यम से अपने भविष्य को सुरक्षित बनाएं।

# अवैध रेत परिवहन पर बड़ी कार्रवाई, 6 ट्रैक्टर जब्त



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देशानुसार जिले में अवैध रेत उत्खनन एवं परिवहन पर राजस्व एवं खनिज़ की टीम द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में शनिवार को अवैध रेत परिवहन करते 6 ट्रैक्टर को राजस्व की टीम ने जब्त किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार 7 फरवरी को सोनाखान तहसील अंतर्गत ग्राम भानपुर में राजस्व विभाग के दल द्वारा अवैध रेत परिवहन कर रहे 6 ट्रैक्टर को ज़ब्त कर थाना राजादेवरी को सुपुर्द किया गया।

कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश पर रेत घाटों कि कड़ी निगरानी की जा रही है। इसके साथ ही जिला टास्क फ़ोर्स का भी गठन किया गया है जिसमें पुलिस, राजस्व विभाग और खनिज विभाग की एक संयुक्त टीम द्वारा औचक छापेमारी की जाती है।

**खबर संक्षेप**

### नवागांव में शिव महापुराण 10 से

**सिर्री।** ग्राम नवागांव (थूहा) के नया बाजार चौक में शिव शक्ति परिवार एवं ग्रामवासियों के सहयोग से 10 से 15 फरवरी तक पांच दिवसीय शिव महापुराण कथा का आयोजन रखा गया है। 10 फरवरी को कलशयात्रा के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ होगा। कथावाचक गंगा देवी हैं। प्रवचन का समय 1 से 5 बजे तक है।

### नवागांव कचना में मड़ई 12 को

**जीजामगांव।** ग्रामवासियों के सहयोग से इस वर्ष भी नवागांव कचना में मोर संगी जहुरिया मड़ाई मिलन समारोह का आयोजन 12 फरवरी को किया गया है। रात्रि में मनोरंजन के लिए राधाकृष्ण नाचा पार्टी ग्राम धुर्रे बंजारी थाना झिरिया महाराष्ट्र की प्रस्तुति होगी।

### आर्ट ऑफ लिविंग हैप्पीनेस प्रोग्राम 17 से



**अंवरी।** आर्ट ऑफ लिविंग फाउंडेशन द्वारा भखारा के वार्ड क्रमांक 15 में हैप्पीनेस प्रोग्राम का आयोजन 17 से 22 फरवरी तक प्रतिदिन सुबह 6 से 8.30 बजे तक होगा। इस कार्यक्रम की विशेषता विश्व प्रसिद्ध सुदर्शन क्रिया है, जिसे ओस्लो विश्वविद्यालय द्वारा प्रमाणित किया गया है। यह विश्व के 180 से अधिक देशों में सफलतापूर्वक संचालित की जा रही है। तैयारी में आयोजन समिति के हिरेन्द्र साहू, बसंत बैस, विजय सोन, डॉ बनपेला, घनश्याम वर्मा, वीरेंद्र बैस, जितेंद्र तेलासी, गोविन्द यादव, लीलाधर साहू, पार्षद गौतमी नोहरू पटेल जुटे हैं।

### वार्षिक प्रायोगिक परीक्षा 17 से

**कुरुद।** संत घासीदास विश्वविद्यालय द्वारा बीएससी द्वितीय एवं तृतीय वर्ष के छात्र-छात्राओं के लिए वार्षिक प्रायोगिक परीक्षा की समय-सारणी जारी कर दी गई है। परीक्षाएं 17 से शुरू होकर 21 फरवरी तक चलेंगी। मुख्य विषयों में 17 फरवरी को जूलॉजी सुबह 9 बजे, 18 फरवरी को फिजिक्स एवं बॉटनी की परीक्षा सुबह 10:30 बजे होगी। इसी प्रकार 21 फरवरी को बायोटेक्नोलॉजी की परीक्षा सुबह 11 बजे होगी। संस्थान द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करना अनिवार्य है। सभी परीक्षार्थियों को परीक्षा शुरू होने से आधा घंटा पूर्व संबंधित विभाग में उपस्थित होना होगा। अपने साथ प्रायोगिक फाइल और लेखन सामग्री अवश्य लाएं। निर्धारित तिथि और समय पर उपस्थित न होने की स्थिति में पूरी जिम्मेदारी छात्र की स्वयं की होगी।

# जनसहयोग से स्वच्छता महाभियान चलाकर खरोरा तालाब, घाटों और आसपास के स्थलों को किया कचरा और प्लास्टिक मुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद





बड़े आयोजनों के छोटे शहर महासमुंद में स्वच्छता के लिए निरंतर जागरुकता लाते हुए एवं सभी सामाजिक संगठनों एवं पर्यावरण संरक्षक संस्थाओं के साथ एकता के एक सूत्र में बांधते हुए नेतृत्वकर्ता समूह हमर भुईयां पर्यावरण संरक्षक संस्था और इंडियन मेडिकल एसोसिएशन ने रविवार को महासमुंद शहर में स्वच्छता अभियान के अपने ऐतिहासिक महाअभियान की नवीन श्रृंखला के द्वितीय चरण में ग्राम खरोरा स्थित सरोवर एवं शहीद स्मारक स्थल, मंदिर परिसर को प्लास्टिक मुक्त कचरे, डिस्पोजल, झिल्लियों एवं पोखर को साफ करते हुए बड़ी मात्रा में जलकुंभी को हटाने का कार्य जनसहयोग से किया गया।

हमर भुइयां संस्था के अध्यक्ष नूरेन चंद्राकर ने बताया कि इस वर्ष तालाब स्वच्छता महाअभियान के द्वितीय चरण में ग्राम खरोरा स्थित तालाब में जनसहयोग से स्वच्छता कार्यक्रम कर महासमुंद नगर और आस-पास के ग्रामों के तालाबों, जलाशयों को प्लास्टिक कचरे से पूर्णतः मुक्त करने के सामूहिक प्रयास करते हुए आसपास के लोगों और प्रकृति प्रेमियों व युवाओं में स्वच्छता के प्रति जागरुकता लाने का प्रयास किया है। आयोजक संस्था ने इस पुनीत कार्य में सभी समाजजनों से अपनी सहभागिता एवं योगदान देते हुए समय समय पर अपना श्रमदान करते हुए योगदान देने की अपील की है। आज के स्वच्छता अभियान में जिन संस्थाओं एवं स्वयंसेवी संस्थाओं ने पूरी तत्परता, कर्तव्यनिष्ठा एवं अपनत्व से अपने आसपास के पर्यावरण की साफ रखने के उद्देश्य को साकार करने के लिए अपना अमूल्य समय निकालकर आज के स्वच्छता अभियान को सफल बनाया। आईएमए एवं हमर भुईयां संस्था ने उन सभी पर्यावरण मित्रों एवं जागरूक साथियों का आभार एवं साधुवाद दिया है।

### 22 को बेलसोंडा के तालाब में स्वच्छता अभियान

विदित हो कि आगामी तृतीय चरण में 22 फरवरी 2026 को ग्राम बेलसोंडा स्थित सरोवर में स्वच्छता अभियान को गति देना है। आयोजक संस्था ने सभी समाज के सदस्यों, स्वयंसेवी संस्थाओं, व्यापारिक संगठनों, एनसीसी, स्काउट एवं रोवर रेंजर के साथियों से उक्त स्वच्छता कार्यक्रम में सहयोग का अनुरोध किया है। 8 फरवरी को इस स्वच्छता अभियान में आयोजक संस्था हमर भुईयां महासमुंद से नूरेन चंद्राकर, नारद यादव, उमेश चंद्राकर उपस्थित रहे और सराहनीय भूमिका निभाई। इसी कड़ी में प्रायोजक संस्था आईएमए महासमुंद की तरफ से आदित्य हॉस्पिटल से डायरेक्टर डॉक्टर ज्योति कालीकोटी एवं स्टाफजनों में दुर्गा प्रसाद साहू, द्वारिका साहू, लियाकत खान, जफर खान, सतीश औसर, विवेक साहू, संजय यादव, रमेश सिंह, भुनेश्वर साहू, प्रमिला मानिकपुरी, जुलौतिन बी, इंद्राणी साहू द्वारा स्वच्छता अभियान में विशेष रूप से सहयोग किया गया। लंबे समय से महासमुंद शहर में कार्य कर रही संस्था ग्रीन केयर सोसायटी के अध्यक्ष लोकेश चंद्राकर ने विशेष सहयोग दिया। ग्राम पंचायत खरोरा से पूर्व सरपंच देवदत्त चंद्राकर, सुनीता चंद्राकर, गुंजा चंद्राकर, पंच मनीष चंद्राकर, दयालु चंद्राकर, हेमेंद्र चंद्राकर, मुकेश चंद्राकर, उपसरपंच संजय चंद्राकर, राकेश पटेल, माधव धीवर, राहुल यादव, जगेसर चंद्राकर ने भरपूर सहयोग किया। इसी क्रम में भूतपूर्व सैनिक संघ महासमुंद से अध्यक्ष युवराज सिंह चंद्राकर, प्रदीप चंद्राकर, कनक राम निषाद, लक्ष्मी चंद, रविंद्र नायक, बंशी लाल सिन्हा, बीपी वर्मा, अंजना चंद्राकर एवं अन्य सैनिक परिवारों के सदस्यों ने साफ सफाई करते हुए अपना श्रमदान किया, जो कि स्वागतेय है। आस्था वेलफेयर एवं एजुकेशन सोसाइटी से तारिणी चंद्राकर, तुषार चंद्राकर, जय कुमार ने सेवाएं दी। पूर्व जनप्रतिनिधि के रूप में शोभा शर्मा पूर्व पार्षद ने स्वयं आकर बढ़ चढ़कर इस महाभियान का हिस्सा बनी।

### महर्षि विद्या मंदिर के छात्रों का रहा सहयोग

बास्केट बॉल एसोसिएशन जिला महासमुंद के चेयरपर्सन पंकज सोनी ने भी श्रमदान करते हुए नगरवासियों से इसमें अपनी सहभागिता सुनिश्चित करते हुए श्रमदान करने सहयोग किया। महर्षि विद्या मंदिर के होनहार छात्रों की टीम स्वान यूथ क्लब से अध्यक्ष निलेश कुमार तिवारी, सचिव ग्रंथ चोपड़ा, लक्ष्य यादव, भविष्य चंद्राकर ने भी आकर साफ सफाई करते हुए अपना योगदान दिया। महासमुंद नगर एवं आसपास के जल श्रोतों, सरोवरों को एवं आसपास के वातावरण को हमेशा शुद्ध, साफ रखते हुए अनुशासन का परिचय देते हुए आईएमए एवं हमर भुइयां की तरफ से किए गए इस दूसरे पड़ाव को सभी संगठनों के सामूहिक प्रयासों से सफलतापूर्वक सरोवर एवं आसपास के परिसर को प्लास्टिक मुक्त किया गया।

**आयोजन : तरेकेला में श्रीमद भागवत कथा का आयोजन, विधायक ने लिया आशीर्वाद**

# सत्य, प्रेम, करुणा का मार्ग दिखाता है भागवत महापुराण : विधायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

- ग्राम तरेकेला में श्रीमद भागवत कथा का आयोजन, विधायक डॉ. संपत अग्रवाल ने की क्षेत्र की खुशहाली की कामना
- विधायक ने कथावाचक शास्त्री का किया अभिनंदन, कहा- भागवत कथा सिखाती है जीवन जीने की वास्तविक कला



आस्था और भक्ति की त्रिवेणी में सराबोर बसना विधानसभा क्षेत्र के ग्राम तरेकेला में आयोजित श्रीमद भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह में क्षेत्र के विधायक डॉ. संपत अग्रवाल मुख्य रूप से सम्मिलित हुए। इस दौरान उन्होंने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि और खुशहाली के लिए प्रार्थना की।

समारोह में विधायक डॉ. अग्रवाल ने कथावाचक ज्योति शास्त्री का आत्मीय स्वागत किया। उन्होंने शास्त्री को श्रीफल, अंगवस्त्र और पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका अभिनंदन किया। प्रत्युत्तर में कथावाचक ज्योति शास्त्री ने भी विधायक डॉ. संपत अग्रवाल की जनसेवा की भावना की सराहना करते हुए उनका मंगल तिलक लगाकर स्वागत किया।

श्रीमद भागवत कथा का श्रवण करने के पश्चात श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए विधायक डॉ. संपत अग्रवाल ने भक्ति के महत्व पर विशेष प्रकाश डाला। उन्होंने प्रेरणादायी शब्दों में कहा कि श्रीमद भागवत कथा केवल श्रवण मात्र का विषय नहीं है, बल्कि यह मनुष्य को वास्तविक जीवन जीने की कला सिखाती है, जिसके प्रभाव से मन के भीतर के अंधकार का नाश होता है और जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। विधायक डॉ. अग्रवाल ने इस बात पर जोर दिया कि भागवत महापुराण का वास्तविक सार हमें सत्य, प्रेम और करुणा के मार्ग पर चलने की निरंतर प्रेरणा देता है। साथ ही उन्होंने इस भव्य आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे धार्मिक कार्यक्रमों के माध्यम से समाज में समरसता, एकता और आपसी भाईचारे की भावना सुदृढ़ होती है, जो क्षेत्र की उन्नति के लिए अत्यंत आवश्यक है।

विधायक डॉ अग्रवाल ने कहा कि श्रीमद भागवत कथा से जीवन में भक्ति, ज्ञान और वैराग्य का प्रादुर्भाव होता है। भगवान कृष्ण की लीलाएं हमें संकट के समय भी अडिग रहने और धर्म के साथ खड़े होने का साहस देती हैं। कथा स्थल पर कथा वाचिका ज्योति शास्त्री, प्राचीन कबीर कुटी तरेकेला महंत लखन मुनि साहेब, भाजपा जिला उपाध्यक्ष हरप्रसाद पटेल (अम्बु), पिरदा मंडल अध्यक्ष अभिमन्यु प्रधान, सरपंच तरेकेला जमुना प्रेमसागर पटेल, प्रेमसागर पटेल, ग्राम गौटिया नेपाल सिंह पटेल, भूमि दानदाता मोतीलाल दाऊ, पूर्व सरपंच मुरली नायक, उदाल सिंह सिदार, डमरूधर पटेल, बिहारी लाल पोर्ते, हृदय सिंह पटेल, मोतीलाल पटेल, लाल सिंह सिदार, वीरेंद्र पटेल, ललित पटेल, हित लाल निषाद, चक्रधर पटेल, मंडल महामंत्री सुभाष बंजारा, मंडल महामंत्री मनीराम, सरपंच नौगड़ी मोहर साय, सुरेश दास, निज सचिव नरेंद्र बोरे, पत्रकार ऋषिकेशन दास, पत्रकार अभय धृतलहरे आदि उपस्थित रहे। कथावाचक ज्योति शास्त्री के भजनों और प्रवचनों से पूरा माहौल भक्तिमय हो गया। विधायक ने काफी समय श्रद्धालुओं के बीच बैठकर कथा का रसपान किया और अंत में आरती में भाग लेकर सभी के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# नहीं थम रहा अवैध रेत परिवहन का सिलसिला



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

- अवैध रेत परिवहन को रोकने में शासन-प्रशासन नाकाम

सांकरा जोंक नदी माटीदरहा, बिजेपुर घाट से रेत का अवैध परिवहन रेत माफियाओं द्वारा बसना सांकरा क्षेत्र में किया जा रहा है। माटीदरहा घाट से अवैध रेत परिवहन थमने का नाम नहीं ले रहा है। रेत को भारी मात्रा में परिवहन कर खपाया जा रहा है। अवैध रेत परिवहन को रोकने में शासन प्रशासन नाकाम साबित हो रही है। रेत का अवैध परिवहन शासन प्रशासन के अधिकारियों के नाक के नीचे से हो रहा है और अधिकारी इस मामले को लेकर गंभीर नहीं है। शासन प्रशासन को रेत घाट से मिलने वाली राजस्व की हानि हो रही है आखिर क्यों? क्या इसकी जानकारी खनिज विभाग के अधिकारियों को नहीं है अगर है तो कार्रवाई क्यों नहीं हो रही है।

बता दें कि प्रतिदिन सबेरे से लेकर देर रात तक माटीदरहा बिजेपुर घाट से अवैध रेत परिवहन का खेल बदस्तूर जारी है। प्रतिदिन सैकड़ों ट्रैक्टर में रेत भरकर परिवहन खुले आम किया जा रहा है। इसे रोका जाना आवश्यक है। ताकि, शासन प्रशासन को राजस्व की हानि से बचाया जा सके।

रेत परिवहन करने वाले रेत माफियाओं के विरुद्ध छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियमावली 2015 के नियम 71(5) तथा खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम 1957 की धारा 21(5) के तहत दंडात्मक कार्रवाई किए जाने का प्रावधान है। इसके तहत कार्रवाई किया जाना चाहिए। इस संबंध में खनिज निरीक्षक और जिला खनिज अधिकारी से संपर्क करने की कोशिश की गई, परंतु उनके द्वारा मोबाइल रिसीव नहीं किया गया।

### नपाध्यक्ष ने किया बोर खनन कार्य का शुभारंभ

**महासमुंद।** नगर के वार्ड क्रमांक 21 स्थित आश्रम कांपलेक्स के समीप ब्राह्मण समाज भवन परिसर में नवीन बोर खनन कार्य का शुभारंभ नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने नपा सभापति एवं पार्षदों को उपस्थिति में किया। उन्होंने पूजा अर्चना कर समाजजनों को बधाई देते हुए कहा कि अब सामाजिक कार्यक्रमों के दौरान पेयजल की समस्या नहीं होगी। साहू ने बताया कि समाज की मांग पर उक्त बोर खनन अध्यक्ष निधि से किया गया है। इस अवसर पर सभापति सूरज महानंद, पार्षद शुभ्रा मनीष शर्मा, धनेश्वरी सोनाधर सोनवानी, मनीष शर्मा, समाजजन प्रमोद तिवारी, अश्वनी तिवारी, संतु तिवारी, रत्नेश साहू आदि उपस्थित थे।



# छिबर्रा ने जीता भंवरपुर टूर्नामेंट, इ्यूज बॉल क्रिकेट का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना



फ्रेंड्स क्रिकेट क्लब भंवरपुर द्वारा आयोजित इ्यूज बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल छिबर्रा ने जीता। समापन समारोह के मुख्य अतिथि अनुराग शर्मा उपसरपंच ग्राम पंचायत भंवरपुर एवं विशिष्ट अतिथि महेंद्र पटेल संचालक बालाजी, एग्रो इंडस्ट्रीज संकेत अग्रवाल, लोकेश पटेल संचालक श्याम हॉस्पिटल, भूषण पटेल संचालक पटेल फ्यूल्स इंडियन ऑयल थे। इसका उद्घाटन भंवरपुर सरपंच कृष्ण कुमार सिदार के मुख्य आतिथ्य में किया गया। मैन ऑफ द सीरीज क्षीरसागर बुडेक, मैन ऑफ द मैच फाइनल योगेश प्रधान, बेस्ट बैट्समैन सौभाग्य प्रधान, बेस्ट बॉलर योगेश प्रधान, बेस्ट विकेट कीपर संदीप साहू, बेस्ट फील्डर रत्नेश प्रधान थे। प्रथम पुरस्कार विजेता छिबर्रा 15000 रुपए एवं ट्रॉफी और द्वितीय पुरस्कार भंवरपुर 8000 रुपए एवं ट्रॉफी दिया। फाइनल मैच में भंवरपुर ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला लिया। जिसमें छिबर्रा के टीम ने पहले बल्लेबाजी कर 15 ओवर में 135 रन 9 विकेट के नुकसान पर बनाए। जिसके जवाब टीम भंवरपुर ने 15 ओवर में मात्र 106 रन में ही 8 विकेट नुकसान पर भंवरपुर टीम बना पाई। टीम छिबर्रा फाइनल मैच को आसानी से 29 रनों से जीत दर्ज की। समापन अवसर पर समस्त क्रिकेट खिलाड़ी ग्रामवासी मौजूद थे। फाइनल मैच के अंपायर तुलाराम भोई, जमुना लाल नंद थे।

**राष्ट्रीय खिलाड़ियों व प्रतिभावान छात्रों को मोमेंटो व प्रमाण से किया गया सम्मानित**

# बेमचा स्कूल में वार्षिकोत्सव एवं प्रतिभा सम्मान का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला बेमचा में वार्षिकोत्सव एवं प्रतिभावान सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, अध्यक्षता चंद्रहास चंद्राकर अध्यक्ष बीज निगम, विशिष्ट अथितिगण द्वारिका प्रसाद चंद्राकर, हुलसी चंद्राकर जनपद उपाध्यक्ष, जनपद सदस्य संगीता राहुल चंद्राकर, राहुल चंद्राकर कोषाध्यक्ष भाजपा, देवेंद्र चंद्राकर सरपंच, देवेंद्र चंद्राकर महासमुंद, पवन पटेल जिला अध्यक्ष किसान मंच, धर्मेंद्र महोबिया, हरबंश सिंह ढिल्लो, शरद मराठा, नईम खान, शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष लखनु राम निर्मलकर, विधायक प्रतिनिधि रविकांत चंद्राकर, उपसरपंच सुनीता कहार, सरस्वती जांगड़े, वरिष्ठ नागरिक भगत राम साहू, रमेश चंद्राकर, हीरालाल साहू, सेवती यादव, राम दयाल साहू, लीलाधर साहू, सेवानिवृत प्राचार्य डीआर डहरिया संस्था से नवपदोन्नत प्राचार्य तुलेंद्र सागर गढ़सिवनी के आतिथ्य में कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती पूजन के साथ राजकीय गीत का सस्वर संगीतमय वातावरण में केआर सागर के निर्देशन में हुआ। नन्हे मुन्ने बच्चों द्वारा नृत्य के साथ अतिथियों का स्वागत किया गया। पश्चात प्राथमिक शाला से खेमिन साहू शिक्षिका, उच्च प्राथमिक शाला से खेमराज साहू शिक्षक एवं हायर सेकंडरी स्कूल से किरण पटेल व्याख्याता के संचालन में सांस्कृतिक कार्यक्रम में देशभक्ति, लोक संस्कृति, लोक नृत्य, नाटक, एवं फैंसी ड्रेस के साथ नशा उन्मूलन सन्देश देते बच्चों की प्रस्तुति को पलकों ने खूब सराहा। सांस्कृतिक कार्यक्रम के बाद अंतरराष्ट्रीय बॉल बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्मी चंद्राकर एवं राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों एवं प्रतिभावान विद्यार्थियों को अतिथियों के करकमलों से सम्मानित किया गया।

मुख्य अतिथि योगेश्वर राजू सिन्हा विधायक ने बच्चों के प्रस्तुति व प्रतिभा को प्रोत्साहित करते हुए खेल मैदान, स्टेडियम, एवं गौरव पथ व महतारी सदन का निर्माण के साथ हायर सेकेंडरी स्कूल भवन की घोषणा अपने उद्बोधन में दिया। संस्था के प्राचार्य सोहन लाल पाटकर ने आभार प्रकट किया। कार्यक्रम का संचालन किरण पटेल, खेमराज साहू एवं खेमिन साहू ने संयुक्त रूप से किया गया। कार्यक्रम में खेल शिक्षक डॉ सेवन दास मानिकपुरी, एसएल पाटकर, केआर सागर, पीके ध्रुव, वायएस बलिहार, नवीन चंद्राकर, किरण पटेल, तारिणी कहार, महेश्वरी साहू, कुंती दीवान, गंगा बंजारे, जुगनी गुंबर, अमृता कौर, संगीता चंद्राकर, आराधना साहू, डॉ सेवनदास मानिकपुरी, विनोद वर्मा, मनीष साहू, पूर्णिमा सिन्हा, रश्मि चंद्राकर, हेमलता साहू, सुमन कोसरे शहनाज बानो खान, खेमराज साहू, गुहन लाल साहू, तृप्ति दानियल, टाकेश्वर प्रसाद साहू, गजेन्द्र साहू, खेमिन साहू, सीमा चंद्राकर, कार्यालयीन स्टॉप में शकुंतला सोनी, सुषमा सागर, रूखमणी साहू, जागेश्वरी गोस्वामी आदि मौजूद रहे।

आकांक्षा पात्रे एवं विद्यालय के छात्र-छात्राओं व पालकगण उपस्थित रहे।

# सशिमं लाफिनखुर्द में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया वार्षिक उत्सव



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

सरस्वती शिशु विद्या मंदिर लाफिनखुर्द में वार्षिक उत्सव का आयोजन अत्यंत हर्षोल्लास, गरिमामय एवं सांस्कृतिक वातावरण में हुआ। इस अवसर पर विद्यालय के भैया-बहनों द्वारा छत्तीसगढ़ की लोकसंस्कृति पर आधारित पारंपरिक गीतों एवं नृत्यों की आकर्षक प्रस्तुतियां दी गईं, जिसने कार्यक्रम स्थल पर उपस्थित ग्रामीणजनों, अभिभावकों एवं अतिथियों को भावविभोर कर दिया। कार्यक्रम स्थल को आकर्षक ढंग से सजाया गया था, वहीं बच्चों की पारंपरिक वेशभूषा ने छत्तीसगढ़ी संस्कृति की सुंदर झलक प्रस्तुत की। भैया-बहनों की सुसंयोजित नृत्य-प्रस्तुतियों पर दर्शकों ने तालियों के साथ उत्साहवर्धन किया।

## खबर संक्षेप



### सुबह ठंड और दोपहर में महसूस होने लगी गर्मी

**नर्रा।** फरवरी फाल्गुन माह सप्ताह भर गुजर गए, लेकिन ठंडी की वापसी नहीं हो पाई है। दिन के दोपहर में धूप के कारण हल्की गर्मी का अहसास बढ़ने लगा है। इस वजह से दोपहर में धूप लोगों को चुभने लगी है। बता दें कि इस साल दिसंबर और जनवरी माह में कड़ाके की ठंड पड़ी है। अब भी ग्रामीण अंचल में अलसुबह ठंड की निरंतरता बनी हुई है।

### कथा श्रवण करने पहुंचे नपा उपाध्यक्ष



**महासमुंद।** वार्ड क्रमांक 14 कबीर बाड़ा में आयोजित शिव महापुराण कथा के पंचम दिवस में नपा उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष महेंद्र सिका, पार्षद माखन पटेल, भाजपा नेता हनीष बग्गा शामिल होकर कथा श्रवण किया। कथा में भगवान राम के जन्म से लेकर राजतिलक तक का वर्णन किया गया तथा भगवान राम की झांकी के माध्यम से राजतिलक हुआ। कथा आयोजक नंदकुमार साहू है। तत्पश्चात इमली भाठा वार्ड क्र.10 संध्या साहू के निवास पर शिव महापुराण कथा पूजन एवं महाआरती में भी शामिल हुए। इस अवसर पर भाजपा नेत्री पार्वती साहू, सुनीता साहू, वार्ड क्र. 01 के पार्षद प्रतिनिधि गिरजा शंकर चंद्राकर उपस्थित रहे।

### चर्म रोग जांच आज से

**महासमुंद।** स्थानीय मुख्य मार्ग स्थित महासमुंद मेडिकल स्टोर्स में प्रत्येक सोमवार से गुरुवार एवं शनिवार को समय दोपहर 1:30 बजे से 2:30 बजे तक चर्म रोग विशेषज्ञ डॉ. गरिमा शर्मा (एमबीबीएस, एमडी) रायपुर अपनी सेवाएं देंगे। चर्म रोग जांच में दाद, खाज, खुजली, एक्जिमा, सोरियासिस, एलर्जी, सफेद दाग, कुष्ठ रोग, केंदवा रोग, मुहांसे, झांई, झुर्रिया, तिल, मस्से, गुप्त रोग, सर के बालों से संबंधित समस्याओं की जांच की जाएगी।

### थायराईड व कैंसर रोग जांच एवं परीक्षण रोज

**महासमुंद।** स्थानीय इंदिरा मार्केट मेन रोड स्थित महासमुंद मेडिकल स्टोर्स में प्रतिदिन शाम 5 बजे बजे से शाम 7 बजे तक नाक, कान, गला, थायराईड, कैंसर रोग जांच एवं परीक्षण का आयोजन किया गया है। डॉ. चंचल लहरी रोगियों की सेवा एवं परामर्श के लिए उपलब्ध रहेंगी। जांच में कान का बहना, आवाज गूंजना, सुनने में परेशानी होना, तंबाखू व गुटखे से गले व मुंह का कैंसर, लगातार सर्दी जुकाम, एलजी व खर्राटे, थायराईड, घेघा रोग की शिकायत, गले व नाक एवं कान की जांच की जाएगी।

### चिरको कालेज में वार्षिकोत्सव व पुरस्कार वितरण समारोह



**पटेवा।** शासकीय नवीन महाविद्यालय चिरको के वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। समापन में मुख्य अतिथि के रूप में जनपद अध्यक्ष दिशा रामस्वरूप दीवान की उपस्थिति रही। इस अवसर पर महाविद्यालय प्रतिनिधिमंडल के महामंत्री सुनील पटेल, जनपद सदस्य रोशन पटेल, सांसद प्रतिनिधि राकेश साहू, झलप मंडल के उपाध्यक्ष कुलजीत सलूजा, ग्राम पंचायत चिरको के सरपंच भट्ट, उपसरपंच दुष्यंत ध्रुव, मनोज यादव, बलिराम चौधरी, पोद्दार, निशा जोगी तथा चिरको महाविद्यालय की प्राचार्य दीवान विशेष रूप से उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकगण, कर्मचारी एवं छात्र-छात्राओं की भी सराहनीय और सहभागिता रही, जिससे समारोह अत्यंत सफल एवं यादगार बन पड़ा।

---

**आयोजन : ग्राम मुड़पार में हुआ श्री अखंड नवधा पंच दिवसीय रामायण पाठ का आयोजन**

# मंडलियों के कथावाचकों व लोक कलाकारों ने प्रस्तुत की अमृतमयी रामचरितमानस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

ग्राम मुड़पार में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी श्री अखंड नवधा पंच दिवसीय रामायण का भव्य आयोजन आदर्श नवयुवक रामलीला मंडली एवं समस्त ग्रामवासियों के विशेष सहयोग से ग्राम के हृदय स्थल रामायण चौक में संपन्न हुआ। इस पावन आयोजन में दीपदान, कलश यात्रा एवं विशाल प्रसाद वितरण जैसे धार्मिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।

इस अवसर पर लगभग 30 मानस मंडलियों एवं आकाशवाणी और दूरदर्शन से जुड़े लोक कलाकारों ने अपनी ऐतिहासिक प्रस्तुति से ग्रामवासियों को रामचरितमानस की अमृतमयी कथा का रसपान कराया। रोशनी मानस मंडली भाटापारा एवं सूरदास मानस परिवार कठिया सहित विभिन्न मंडलियों के कथावाचकों ने सुंदरकांड का भावपूर्ण एवं मनमोहक वर्णन प्रस्तुत किया। कथावाचकों ने सुंदरकांड के प्रसिद्ध प्रसंग में हनुमान जी एवं लंकिनी संवाद का उल्लेख करते हुए बताया कि जब हनुमान जी लंका पहुंचे, तब लंकिनी ने उन्हें रोकने का प्रयास किया। हनुमान जी के प्रहार से व्याकुल होकर लंकिनी को ब्रह्मा की भविष्यवाणी स्मरण हुई कि जब कोई वानर उसे परास्त करेगा, तब लंका के विनाश का समय निकट होगा। इसके बाद उसने हनुमान जी को लंका में प्रवेश करने दिया। इस प्रसंग को लोकगीत एवं भजनों के माध्यम से प्रस्तुत किया गया, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा।



### जयघोषों से गूंज उठा रामायण चौक

कार्यक्रम के दौरान पारंपरिक लोकगीत, भजन एवं बारहमासी गीतों की प्रस्तुति ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया। पूरा रामायण चौक जय श्री राम एवं हनुमान जी की जय के जयघोष से गूंज उठा। उपस्थित श्रद्धालु भक्ति में लीन होकर कथा एवं संगीत का आनंद लेते रहे। इस भव्य आयोजन में पेंड्री, खपराडीह, तिल्दा नेवरा, सहाड़ा, चापा, बलौदाबाजार, सरायपाली, बसना, तरेगा, भाटापारा सहित विभिन्न क्षेत्रों की मानस मंडलियों ने सहभागिता निभाई। यह ऐतिहासिक आयोजन पिछले 58 वर्षों से निरंतर आयोजित किया जा रहा है, जिससे ग्राम मुड़पार की पहचान एक धार्मिक एवं सांस्कृतिक केंद्र के रूप में स्थापित हुई है। आयोजन के दौरान ग्रामवासियों को ऐसा प्रतीत हुआ मानो पूरा ग्राम मुड़पार अयोध्या धाम में परिवर्तित हो गया हो।

### इनका रहा विशेष योगदान

आदर्श नवयुवक रामलीला मंडली के पदाधिकारियों में अध्यक्ष हीराराम साहू, कोषाध्यक्ष रामकुमार साहू, सचिव हीरेंद्र कुमार वर्मा, पूर्व अध्यक्ष तिहारू राम साहू, खोडस राम वर्मा, केवल राम, लेखचंद, होल्स राम, पारथ निषाद, काशीराम साहू, डॉ. किरीत कुमार साहू, बाबूलाल साहू सहित अन्य सदस्यों का विशेष योगदान रहा। आयोजन में आचार्य पंडित चंद्रशेखर तिवारी, ध्वनि व्यवस्था हेतु नवीन सुपर साउंड सिस्टम तथा कौशल्या भंडार के संचालक शोभित राम निषाद एवं चैनू यादव का भी महत्वपूर्ण सहयोग रहा। कार्यक्रम के समापन अवसर पर आदर्श नवयुवक रामलीला मंडली के अध्यक्ष हीराराम साहू ने समस्त ग्रामवासियों, बाहर से आए मानस मंडलियों, अतिथियों एवं जनप्रतिनिधियों का आभार व्यक्त करते हुए सभी को महाशिवरात्रि, शुभकामनाएं दीं।

# कृष्ण और रूक्मिणी का जीवन हमें आदर्श दांपत्य जीवन व भक्ति का मार्ग दिखाता है: भानु महाराज





**पनगांव ।** राम दुलारी सदन ग्राम मगरचब्बा में राजेन्द्र भट्ट कामाख्या देवी भट्ट परिवार द्वारा श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है श्रीमद् भागवत कथा सुनने ग्राम के अलावा अंचल के भक्त गण प्रति दिन काफी संख्या में श्रद्धालु शामिल होते हैं। कथा वाचक भानु महाराज ने कथा के सातवें दिन कृष्ण और रूखमणी विवाह कथा का प्रसंग प्रस्तुत किया । भगवान श्रीकृष्ण का जीवन केवल धर्म स्थापना और युद्ध विजय तक सीमित नहीं था बल्कि प्रेम भक्ति और आध्यात्मिक चेतना से जुड़ा हुआ था उनके जीवन की अनेक लीलाओं में से एक सबसे महत्वपूर्ण घटना थी रुक्मणी विवाह या केवल एक राजकुमारी और एक राजकुमार का विवाह नहीं था बल्कि यह सच्चे प्रेम भक्ति और समर्पण की विजय की कहानी है रुक्मणी ने भगवान श्री कृष्ण को मन वचन और कर्म से अपना पति मान लिया था लेकिन उनके भाई रुक्मी ने उनके विवाह को रोकने के लिए हर संभव प्रयास किया फिर भी जब प्रेम सच्चा हो और भक्ति आडिग हो तो स्वयं भगवान उसे सफल बनाते हैं यही सिद्धांत इस कथा का मूल है ।

श्री कृष्णा और रुक्मणी का विवाह केवल एक पौराणिक कथा नहीं बल्कि यह प्रेम भक्ति और शक्ति का अद्भुत संगम है । श्री कृष्णा और रुक्मणी का जीवन हमें आदर्श दांपत्य जीवन और परम भक्त का मार्ग दिखाता है । यह कथा हर भक्त प्रेमी के लिए एक प्रेरणा है कि सच्चे प्रेम और विश्वास से हर कठिनाई को पार किया जा सकता है ।

## नयापारा वार्ड में श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ का भव्य आयोजन





**भाटापारा।** नयापारा वार्ड में ज्योति कलश महिला स्व सहायता समूह के द्वारा संगीतमय श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन 5 से 13 फरवरी तक किया गया है। कथावाचक पं. झालेन्द्र महाराज ने कहा कि मनुष्य जीवन में जाने अनजाने प्रतिदिन कई पाप होते है। उनका ईश्वर के समक्ष प्रायश्चित करना ही एक मात्र मुक्ति पाने का उपाय है। उन्होंने ईश्वर आराधना के साथ अच्छे कर्म करने का आह्वान किया।

- कथावाचक पं. झालेन्द्र महाराज ने दिए जीवनोपयोगी संदेश
- ज्योति कलश महिला स्व सहायता समूह की पहल

स्थानीय नयापारा वार्ड धरमू सिंह ध्रुव गली में श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के तीसरे दिन कथा में उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए उन्होंने जीवन में सत्संग व शास्त्रों में बताए आदर्शों का श्रवण करने का आह्वान करते हुए कहा कि सत्संग में वह शक्ति है, जो व्यक्ति के जीवन को बदल देती है। उन्होंने कहा कि व्यक्तियों को अपने जीवन में क्रोध, लोभ, मोह, हिंसा, संग्रह आदि का त्यागकर विवेक के साथ श्रेष्ठ कर्म करने चा हि ए । व्यासपीठाधीश्वर ने रविवार को भागवत कथा के दौरान कपिल चरित्र, सती चरित्र, ध्रुव चरित्र, जड़ भरत चरित्र, नृसिंह अवतार आदि प्रसंगों पर प्रवचन करते हुए कहा कि भगवान के नाम मात्र से ही व्यक्ति भवसागर से पार उतर जाता है। उन्होंने भगवत कीर्तन करने, ज्ञानी पुरुषों के साथ सत्संग कर ज्ञान प्राप्त करने व अपने जीवन को सार्थक करने का आह्वान किया।

### भजन सुन श्रोता हुए भाव विभोर

भजन मंडली की ओर से प्रस्तुत किए गए भजनों पर श्रोता भाव विभोर होकर नाचने लगे। वैराग्य में मानव संसार में रहते हुए भी सांसारिक मोहमाया से दूर रहता है। उन्होंने वाराह अवतार सहित अन्य प्रसंगों पर प्रवचन किए। इसी प्रकार कथास्थल पर श्रीकृष्ण के प्रति भक्ति सहित अन्य प्रसंगों पर प्रवचन किए।

---

# विकसित भारत की आधारशिला है बजटः भाजपा जिलाध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

भारतीय जनता पार्टी जिला बलौदाबाजार भाटापाराजिला अध्यक्ष आनंद यादव ने कहा कि एन डी ए सरकार के द्वारा प्रस्तुत बजट जन कल्याणकारी, दूरदर्शी, आत्मनिर्भर भारत की ओर बढ़ते कदम को परिभाषित करने वाला बजट है । साथ ही भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष आनंद यादवने कहा कि एन डी ए सरकार के द्वारा प्रस्तुत बजट जन कल्याणकारी, दूरदर्शी, आत्मनिर्भर भारत की ओर बढ़ते कदम को परिभाषित करने वाला बजट है ।



जिला अध्यक्ष आनंद यादव ने कहा कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल का तीसरा प्रस्तुत बजट आत्मनिर्भर एवं विकसित भारत के विजन को साकार करने वाला आर्थिक विकास को नई ऊंचाइयों पर ले जाने का एक महत्वपूर्ण दस्तावेज साबित होगा। यह बजट मध्यम वर्ग को कर राहत, किसानों को समृद्ध बनाने वाला है। आर्थिक सर्वेक्षण की सिफारिशों पर आधारित यह बजट महंगाई पर काबू पाते हुए रोजगार और निवेश को प्रोत्साहित करेगा। यह बजट न केवल आर्थिक स्थिरता सुनिश्चित करेगा, बल्कि सभी वर्गों को समान अवसर प्रदान करके एक समावेशी भारत का निर्माण करेगा। सरकार की यह पहल देशवासियों के जीवन स्तर को ऊंचा उठाने में मील का पत्थर साबित होगी।

### बजट में की गई है हर वर्ग की चिंता

जिला अध्यक्ष आनंद यादव ने कहा कि बजट में हर वर्ग की चिंता की गई है। किसान, गरीब, युवा हर कोई इस बजट से बेहद खुश है। 12 लाख रुपए तक की आय पर कोई कर नहीं लगेगा। यह निर्णय मध्यम वर्ग के लिए बड़ी राहत की बात है। विकसित भारत की मजबूत नींव रखने वाले ऐतिहासिक केंद्रीय बजट 2026-27 ने देश की प्रगति को एक नई दिशा दी है। यह बजट इसलिए भी विशेष है क्योंकि यह 'कर्तव्य भवन' में तैयार किया गया पहला बजट है। यह बजट केवल आंकड़ों का लेखा-जोखा नहीं, बल्कि एक आत्मनिर्भर और सशक्त भारत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को बधाई। इस बजट से हर वर्ग विशेषकर युवा, किसान, महिलाएं और मध्यम वर्ग को लाभ मिलेगा।

## पति-पत्नी के साथ मारपीट दो के खिलाफ अपराध दर्ज

**महासमुंद।** बच्चे की छट्ठी की बात को लेकर पति-पत्नी के साथ मारपीट किए जाने के मामले में सिटी कोतवाली में आरोपियों के विरूद्ध जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस प्रार्थिया डाकेश्वरी सिन्हा निवासी वार्ड नंबर 12 पिटियाझर ने बताया कि उसके सास-ससुर व देवर ग्राम खम्हरिया में रहते हैं। 7 फरवरी को लगभग 2 से 2.30 बजे के मध्य उसके ससुर खेमनाथ सिन्हा और देवर युवराज सिन्हा घर आये और बातचीत के दौरान बताया कि युवराज सिन्हा के बच्चे का छट्ठी कार्यक्रम 8 फरवरी को रखा गया है। इस पर प्रार्थिया ने कहा कि साथ में मेरे बच्चे डेविड सिन्हा का भी छट्ठी कार्यक्रम रखवा देते तो एक साथ दोनों बच्चों का हो जाता। इस बात को सुनकर देवर ने आवेश में आकर हम लोग क्यों करेंगे तुम्हारे बच्चे की छट्ठी कहकर गालियां देते हुए बाल को पकड़कर मारपीट करने लगा, उसी दौरान ससुर खेमनाथ सिन्हा बहुत बात करती है, कहकर धक्का देकर अपने पहने जूते को निकालकर मारने लगा। विवाद को बढ़ता देख पति राजेश सिन्हा बीच बचाव करने आए उसके साथ भी ससुर एवं मेरा देवर ने मारपीट की। युवराज सिन्हा घर में पड़े राड को उठाकर मारपीट करने लगा। आरोपियों के विरूद्ध धारा 115(2), 117(2), 296, 3(5) बीएनएस के तहत अपराध दर ्ज किया है।

# नदी किनारे अवैध शराब के कारोबार पर पुलिस का छापा, शराब व आईफोन जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

नदी के किनारे चल रही शराब की अवैध फैक्ट्री पर पुलिस ने छापामार कार्रवाई करते हुए भारी मात्रा में शऱाब और उपकरण की बरामदगी की है। मामला जिले के सांकरा थाना क्षेत्र के ग्राम लोहराकोट का है जहां नदी के किनारे चल रहे अवैध फैक्ट्री के संबंध में पुलिस को मुखबिर के माध्यम से जानकारी मिली थी।



पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि लोहराकोट के जंगल और नदी किनारे काफी समय से गुपचुप तरीके से बड़े पैमाने पर अवैध महुआ शराब बनाई जा रही है। इस सूचना की गंभीरता को देखते हुए थाना सांकरा पुलिस और एंटी नारकोटिक टास्क फोर्स की एक संयुक्त टीम बनाई गई। शनिवार 7 फरवरी की शाम करीब 6 बजे टीम ने पूरी योजना के साथ नदी किनारे घेराबंदी कर छापामार कार्रवाई की। पुलिस को अचानक सामने देख वहां भगदड़ मच गई।

- जिले के सांकरा थाना क्षेत्र के ग्राम लोहराकोट का है मामला, तीन पर केस दर्ज

कार्रवाई के दौरान पुलिस ने मौके से 105 लीटर तैयार कच्ची महुआ शराब बरामद की। इसके साथ ही शराब बनाने के लिए रखे गए लगभग 200 किलो महुआ लाहन (कच्चा माल) को पुलिस ने मौके पर ही नष्ट कर दिया।

अधिकारियों के मुताबिक, अगर यह लाहन नष्ट नहीं किया जाता, तो इससे करीब 600 लीटर शराब और तैयार की जा सकती थी। पुलिस ने मौके से अन्य सामान भी जब्त किया है जिसमें एक बिना नंबर की स्कूटी और एक वाटर पंप, एक एप्पल कंपनी का कीमती मोबाइल फोन कीमत लगभग 1.06 लाख रुपये, 8 गैस सिलेंडर, चूल्हा, 8 बड़े ड्रम और शराब बनाने के अन्य बर्तन शामिल हैं। कुल जब्त किए गए सामान की कीमत करीब 1, 66, 200 रुपये आंकी गई है।



### तीन आरोपियों पर केस, दो फरार

इस मामले में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। मौके से तेजकुमार डडसेना (28 वर्ष), निवासी लोहराकोट को गिरफ्तार कर लिया गया है। वहीं, दो अन्य आरोपी करण चौहान और रितेश सिन्हा मौके से फरार होने में कामयाब रहे, जिनकी तलाश पुलिस कर रही है। पुलिस का कहना है कि क्षेत्र में अवैध नशे के कारोबार को पूरी तरह समाप्त करने के लिए इस तरह के अभियान आगे भी जारी रहेंगे।

## शिक्षक संघ ने शिक्षा मंत्री से भेंट कर समस्याओं से कराया अवगत

**महासमुंद।** छग शिक्षक संघ के पालक अधिकारी गोपाल यादव की उपस्थिति एवं प्रमुख संगठन मंत्री ओंकार सिंह एवं प्रांताध्यक्ष संजय ठाकुर के नेतृत्व में शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव से भेंट कर विभिन्न समस्याओं को अवगत कराते हुए समाधान का आग्रह किया है। विदित हो कि विगत दिनों रायगढ़ में प्रांत स्तरीय दो दिवसीय शिक्षक सम्मेलन एवं शैक्षिक संगोष्ठी में शासन को 9 सूत्रीय आग्रह पत्र प्रेषित किया गया था। बताया गया कि सहायक शिक्षकों का लंबित तृतीय क्रमोन्नत वेतनमान को हरी झंडी मिल गई है। शीघ्र ही मंत्रिमंडलीय स्वीकृति के लिए कैबिनेट में प्रस्तुत की जाएगी। संगठन की मांग पर छत्तीसगढ़ शिक्षा आयोग का पुनर्गठन कर लिया गया है, इसकी घोषणा भी शीघ्र ही कर दी जाएगी। भर्ती पदोन्नति नियम 2025 के प्रकाशन से शिक्षक संवर्ग के संघर्ष पर विराम लगेगा। समस्त संवर्गों, शिक्षक से लेकर अपर संचालक तक के पदों पर पदोन्नति होगी। शिक्षा विभाग के प्रभारवाद की समाप्ति होगी। एलबी संवर्ग की सेवा गणना प्रथम नियुक्ति तिथि से करने की मांग पर शिक्षा मंत्री कहा कि पेंशन प्रकरणों के निराकरण हेतु एन पी एस कटौती के समय अर्थात 2012 से सेवा गणना की जायेगी। आरएमएसए अंतर्गत हाईस्कूल में संस्कृत विषय की व्याख्याता के पद को समाप्त कर दिया गया है, जिसे पुनः सृजित करने पर सहमति जताई तथा भृत्य, लिपिक और स्वीपर के पद को भी पुनर्जीवित करने का आश्वासन दिया गया। सहायक शिक्षक से ग्रंथपाल पर पदोन्नति/ संविलियन किया गया है। परंतु, आजपर्यंत राजपत्र में इसका प्रकाशन नहीं हुआ है एवं कोई नियम नहीं बना है( इस मांग पर मंत्री ने आश्वासन दिया कि इस पर समाधानकारक उपाय किए जाएंगे। शिक्षक (एलबी) ग्रंथपाल को शिक्षक (एलबी) संवर्ग में समायोजित करने तथा राज्य अतिथि शिक्षक (विद्या मितान) संघ को संविदा कर्मचारियों की नियम शर्तों की भांति सुविधा प्रदान करने पर सार्थक चर्चा हुई।

## पेज 7 के शेष

### माघी पूर्णिमा मेले ...

प्रदान करना सेवा भाव का काम है, उन्होंने स्वयं कानून से संबंधित पंपलेट को पढ़ कर लोगों को भी वितरण किया। तहसील अधिवक्ता संघ के पूर्व अध्यक्ष जितेन्द्र तिवारी द्वारा स्टॉल में आने वाले लोगो को घरेलू हिंसा, दहेज प्रथा प्रतिषेध, बाल विवाह प्रतिषेध, टोनही प्रताड़ना, पीसीपीएनडीटी कानून, दीन-दुखियों तथा उपेक्षित लोगों को समान न्याय, मौलिक अधिकार, पर्यावरण सरंक्षण हेतु अभियान, विधिक साक्षरता अभियान से संबंधित विभिन्न पंपलेट प्रदान किया जा रहा है।

### 85 लाख के...

का निरन्तर विकास और जनता की मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करना हमारी प्राथमिकता है। यह सभी निर्माण कार्य ग्राम के विकास एवं जनता की सुविधाओं का विस्तार करने में बहुमूल्य भूमिका निभाएंगे। भाटापारा विधानसभा में विकास कार्य प्रगति पर हैं, जनता को योजनाओं का लाभ मिल रहा है, महिलाओं का सशक्तिकरण, किसानों को सम्मान और युवाओं को रोजगार के साथ हमारे वृद्धजनों को आयुष्मान योजना के माध्यम से बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ मिल रहा है। इस अवसर पर पार्टी पदाधिकारी सहित जनप्रतिनिधि एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।




विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

सिटीप्लेक्स सिनेमा-भाटापारा
06 फरवरी 2026 SHOW TIME
बॉडर - 2
शो समय -03:00, 06:00, 09:00 PM
सरकारी दमाद (सीजी)
शो समय - 12:00 PM
मंगलसूत्र (सीजी)
शो समय - 12:00 PM
गोदान
शो समय - 03:00 PM
नोट : फेसबुक और इंस्टाग्राम में टाईम टेबल देखा जा सकता है।
bookmyshow पर टिकिट बुकिंग सुविधा उपलब्ध
मो. 93001-27666

# टोहड़ा के प्राइमरी व मिडिल स्कूल में लगा एफएलएन मेला

## महिलाओं का प्रतियोगिता आयोजन और हुआ सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

छत्तीसगढ़ शासन की महत्वपूर्ण योजना से महिलाओं के लिए सशक्तिकरण के लिए स्कूल शिक्षा विभाग के द्वारा एफएलएन मेला का आयोजन किया गया था। उसी उद्देश्य को पूरा करने के लिए तिल्दा ब्लॉक के टोहड़ा में प्राथमिक और पूर्व माध्यमिक शाला के तत्वाधान में महिलाओं के लिए खेलकूद और बच्चों का आनंद मेला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में माताओं के लिए खेलकूद में एस्ट्रो एंड बाल, चम्मच बाटी दौड़, कुर्सी दौड़, सेब खाओ, बैलून फैलाओ, जोड़ी में बैलून दौड़, आदि प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था।

■ आनंद मेले में व्यंजन लेकर पहुंचे बच्चे

जिसमें गांव की महिलाओं ने उत्साह के साथ भाग लिया। साथ ही साथ बच्चों ने आनंद मेला में विभिन्न प्रकार के पकवान जैसे मोमोज, मिर्च भजिया, आलूचाप, बड़ा, ब्रेड पकौड़ा, गुलाब जामुन,रसगुल्ला,जलेबी,समोसा, गाजर का हलुवा, दूध फरा, गुपचुप, कचौड़ी, पेठा, बताशा, खीर पुड़ी, अंकुरित चना, भेल, लस्सी, चाय, दही बड़ा, चिला फरा,नमकीन, बीड़ियां, पोपची इत्यादि पारंपरिक छत्तीसगढ़ी व्यंजन बनाकर अपने अपने घरों से लाए थे। पालकों अतिथियों महिलाओं ग्रामवासियों ने स्वाद का भरपूर लुफ्त उठाया।



### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रानी सौरभ जैन पार्षद तिल्दा, समाजसेवी सौरभ जैन अध्यक्षता रूपेंद्र कुमार वर्मा सरपंच ग्राम पंचायत टोहड़ा, विशेष अतिथि नरसिंग वर्मा अध्यक्ष सह-सोसाइटी टोहड़ा एवं सरपंच ग्राम पंचायत सरारीडीह, जितेंद्र कुमार गजेंद्र सहा.अभियंता, अनिल कुमार वर्मा कनिष्ठ अभियंता, जितेंद्र सिविल कांट्रेक्टर छपोरा, राजू लाल प्रजापति परसदा मानपुर ,नितेश अग्रवाल सौर ऊर्जा प्लांट, तुकाराम वर्मा अध्यक्ष शा उ मा विद्यालय टोहड़ा, जे.एस नायक निर्णायक के रूप में दिनेश आडिल, हीरालाल सिन्हा, विक्रांत पैकरा, नौतन साहू, शिक्षक वृंद में प्रधानपाठक मनहरण लाल वर्मा, रविन्द्र टोप्पो, बीधन मंडल, गिरिजा देवांगन, कमला वर्मा, कमल साहू, ऋतु देवांगन, पुष्पा साहू, मधु वर्मा और मंच संचालन डोमार वर्मा, अजित वर्मा ने किया।

## खबर संक्षेप

### बिरकोनी में निशुल्क जांच शिविर आज

**बिरकोनी।** ग्राम बिरकोनी स्थित सुभाष चौक में सोमवार 9 फरवरी को जय माँ चंडी हॉस्पिटल तुमगांव की तरफ से निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया है। यह शिविर दोपहर 2 बजे से शाम 6 बजे तक चलेगा। शिविर में मरीजों को मुफ्त जांच और विशेषज्ञ परामर्श मिलेगा। स्वास्थ्य जागरुकता और वंचितों को चिकित्सीय सहायता प्रदान किया जाएगा।

### महाशिवरात्रि पर्व पर शिव महात्म्य कथा

**रायपुर।** महाशिवरात्रि पर्व के उपलक्ष्य में गोदेश्वर महादेव परिवार द्वारा शिव महात्म्य कथा का भव्य आयोजन किया जा रहा है। आयोजन समिति के पूरन साहू में बताया कि इस अवसर पर भगवान शिव के महात्म्य, उनके आदर्शों तथा शिवभक्ति के महत्व पर विस्तार से कथावाचन किया जाएगा। आयोजन स्थल पर प्रतिदिन भजन-कीर्तन, आरती एवं प्रसाद वितरण की व्यवस्था रहेगी। आयोजकों ने बताया कि महाशिवरात्रि के पावन दिनों में आयोजित यह शिव महात्म्य कथा श्रद्धालुओं के लिए आध्यात्मिक ऊर्जा एवं पुण्यलाभ का विशेष अवसर होगी।

### लायब्रेरियन फेडरेशन ने स्कूल शिक्षा मंत्री से की मुलाकात

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ लाइब्रेरियन फेडरेशन के पदाधिकारियों ने गत दिनों स्कूल शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव से रायपुर स्थित निज निवास में पहुंचकर सौजन्य मुलाकात की। इस दौरान पदाधिकारियों ने मंत्री को लगभग पंद्रह वर्षों से चली आ रही स्कूल शिक्षा विभाग के ग्रंथपाल पद के सेटअप की समस्या की ओर ध्यान आकृष्ट कराया। इसे संज्ञान में लेते हुए मंत्री ने इस दिशा में सकारात्मक पहल कर समाधान की बात कही। इस अवसर पर फेडरेशन की ओर से मेटल चित्रकार विक्रम सिंह द्वारा निर्मित मंत्री गजेंद्र यादव की मेटल पेंटिंग, उन्हें भेंट स्वरूप प्रदान की गई, जिसे देखकर मंत्री ने विशेष प्रसन्नता व्यक्त की। मुलाकात करने वालों में विक्रम सिंह, मोहेंद्र कुमार साहू, कौशल कुर्रे, रवि यादव, तुलेंद्र वर्मा, वेदन बंछोर, कुलेश्वर वर्मा आदि उपस्थित रहे।

### रेलवे ने चलाया टिकट जांच अभियान, 200 यात्रियों से वसूला 62430 रुपए का राजस्व

**रायपुर।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर रेल मंडल के वाणिज्य विभाग की ओर से शनिवार को मांढर स्टेशन पर एम्बुश टिकट जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान कई यात्री बिना टिकट के सफर करते हुए पाए गए। जांच अभियान में लोकल पैसेंजर ट्रेनों रायपुर बिलासपुर मेमू ट्रेन-68728, गोंदिया झारसुगुड़ा पैसेंजर -68861, गेवरा रोड रायपुर पैसेंजर -68745, बिलासपुर रायपुर पैसेंजर -58201, गेवरा रोड रायपुर पैसेंजर -58203, बिना टिकट यात्रा करने वाले लगभग 188 मामलों से 56415 रुपए अनियमित टिकट के 09 मामलों से 5515 रूपये 02 धूम्रपान के मामले से 400 रुपए, 01 सी केस से 100 रुपए राजस्व प्राप्त हुआ।

## निधन

### गंगाराम वर्मा



**मुंडा।** ग्राम पैजनी निवासी गंगाराम वर्मा (65) का आकस्मिक निधन हो गया, वह पीतर बाई वर्मा के पति व सावित्री, रेवती, तुलसी, कुंती, कला, उत्तरा वर्मा के पिताजी थे। उनके अंतिम संस्कार खेत के किनारे में किया गया अंतिम संस्कार में समाज के लोग व गांव के लोग सम्मिलित रहे।

## प्रवेश परीक्षा : कक्षा नवमी और 11वीं में लैटरल एंट्री के लिए परीक्षार्थी हुए

# नवोदय विद्यालय की प्रवेश परीक्षा हुई जिले के परीक्षा केंद्रों में दिखा उत्साह

## शिक्षक और जिला अधिकारियों के समन्वित प्रयास से परीक्षा हुई सफल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लवन

बलौदाबाजार जिले के पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय के नवमी कक्षा के लिए और 11वीं कक्षा के लिए लैटरल एंट्री प्रवेश परीक्षा 2026 का सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। नवोदय विद्यालय समिति एवं केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड नई दिल्ली की ओर से कक्षा नवमी और कक्षा ग्यारहवीं की अतिरिक्त सीट के लिए बलौदाबाजार जिले के कक्षा नवमी के लिए अहिल्या इंटरनेशनल स्कूल लाहोद और कक्षा 11वीं की अतिरिक्त सीट के लिए जवाहर नवोदय विद्यालय लवन में परीक्षा के लिए बलौदाबाजार जिले में दो परीक्षा केंद्र बनाए गए थे।

अहिल्या इंटरनेशनल स्कूल, लाहोद केंद्रों में नवमी कक्षा के लिए 261 परीक्षार्थी पंजीयन कराए थे और 11वीं कक्षा के लिए 311 परीक्षार्थी पंजीयन कराए थे । परीक्षा के लिए जिले में दो सेंटर बनाई गई थी। नवोदय विद्यालय की नवमी कक्षा की अतिरिक्त सीट के लिए और 11वीं कक्षा की अतिरिक्त सीट के लिए प्रवेश परीक्षा में 310 परीक्षार्थी शामिल हुए थे। इस प्रवेश परीक्षा के लिए कूल 572 बच्चों ने पंजीयन कराई थी। परीक्षा में 262 बच्चे परीक्षा में अनुपस्थित रहे।परीक्षा में चयनित होने वाले बच्चों कक्षा नवमी और 11वीं में निशुल्क करेंगे पढ़ाई। प्रवेश लेने के लिए शनिवार को प्रवेश परीक्षा सफलतापूर्वक परीक्षा सुबह 11:00 बजे से दोपहर 145 बजे तक हुआ। परीक्षा केंद्र का निरीक्षण करने के लिए नवोदय विद्यालय की ओर से परीक्षा केंद्र अध्यक्ष के लिए जीसी दास प्राचार्य अहिल्या इंटरनेशनल स्कूल लाहोद और पर्यवेक्षक के लिए राजेंद्र सिक्का ने अहिल्या इंटरनेशनल स्कूल लाहोद के लिए पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय की ओर से नियुक्त हुए थे। तथा जिला शिक्षा अधिकारी बलौदाबाजार की ओर से उड़न दस्ता बनाया गया था । उड़नदस्ता के रूप में जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय से के के गुप्ता सहायक संचालक और आत्मानंद स्कूल कसडोल के सी एस वर्मा ने परीक्षा का निरीक्षण करने के लिए पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय और अहिल्या इंटरनेशनल स्कूल लाहोद में आए थे। बच्चों ने परीक्षा ओएमआर शीट पर दी। विद्यालय परिवार बलौदाबाजार जिले के शिक्षा विभाग के समस्त अधिकारी गणोंको जो जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा 2026 के सफल आयोजन में प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग की यह अत्यंत सराहनीय है। जवाहर नवोदय विद्यालय लवन की ओर से खासकर के अपने जिला प्रशासन अपने जिला शिक्षा अधिकारी, विकासखंड शिक्षा अधिकारी, पीएमसी जवाहर नवोदय विद्यालय के समस्त कक्ष निरीक्षक (इनविजीलेटर) तथा पर्यवेक्षक को परीक्षा सफल आयोजन हेतु तहे दिल से विद्यालय परिवार की ओर से बहुत-बहुत धन्यवाद।



### ये रहे उपस्थित

इस प्रवेश परीक्षा में विद्यालय के प्राचार्य एवं केंद्र अध्यक्ष बी गिरिजा एवं शिक्षक शिक्षिकाएं जैसे मंदोदरी सेठ, जेपी साहू, एसके पांडे, ग्रंथपाल राजेंद्र सिका, वर्षा मोहन, ममता, प्रशांत गायकवाड, प्रदीप कुमार, ज्ञान प्रकाश, दुर्गेश चंद्र पटेल, एच पी पटेल, विशाखा डॉगे, राघवेंद्र सोनार, कृष्ण सूजी, नवनीत पटेल, अर्चना मिश्र, दीपक राठौड़, पोखर सिंह कंवर, स्मिता रानी पिलाई, परमेश्वर, दिलीप, राहुल रॉय, सरजू, धनेश्वर साहू, उपस्थित रहे। इस प्रवेश परीक्षा का सफल संचालन परीक्षा प्रभारी एसके पांडे द्वारा किया गया था।

# आचार्यों के व्यक्तित्व विकास की दृष्टि से रखा गया आचार्य व्यक्तित्व विकास वर्ग



हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक/ विद्यालय खरोरा में 7 फरवरी को आचार्यों के व्यक्तित्व विकास की दृष्टि से आचार्य व्यक्तित्व विकास वर्ग रखा गया। इस वर्ग का आयोजन वर्ग प्रमुख सीमा पंसारी, वर्ग सहायक अश्विनी निषाद, एवं कुमारी डिंपल मानिकपुरी के द्वारा हुआ। वर्ग क्रमांक-06 का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर दीप मंत्र के साथ प्राचार्य अश्विनी पाटकर एवं प्र धा ना चा य र्संजय वर्मा के द्वारा किया गया।

■ सशिमं खरोरा में हुआ आयोजन

वर्ग के पहले कालखंड में प्रार्थना एवं गीत अभ्यास कंचन वर्मा, पूर्णिमा पाटकर एवं कुमारी डिंपल मानिकपुरी के द्वारा कराया गया। द्वितीय एवं तृतीय सत्र में अध्ययन एवं अध्यापन संबंधी एवं परीक्षा संबंधी जानकारी अश्विनी पाटकर एवं भरत लाल वर्मा के द्वारा विषय लिया गया । परीक्षा परिणाम में सुधार कैसे लाएं ?और परीक्षा से संबंधित विषयों को बताया गया। वर्ग के चतुर्थ कालखंड में शारीरिक अभ्यास कुमारी डिंपल मानिकपुरी एवं अश्वनी निषाद जी के द्वारा कराया गया। शारीरिक अभ्यास में व्यायाम योग कराया गया। आचार्य व्यक्तित्व विकास वर्ग आचार्यों के व्यक्तित्व के विकास में सहायक होता है। इस वर्ग में 27 आचार्य /दीदियों ने भाग लिया।



# गोड़ा हायर सेकंडरी स्कूल के 12वीं के विद्यार्थियों को दी गई विदाई



**पलारी ।** पलारी विकास खण्ड के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गोड़ा में कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों को जूनियर छात्र-छात्राओं के द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित कर विदाई दी गई। सर्वप्रथम मां सरस्वती के छायाचित्र पर पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों को पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। छात्रों के लिए विविध रोचक प्रतियोगिता एवं डांस कार्यक्रम आयोजित किए गए। जो काफी रोमांचक रहें। 12वीं के छात्र-छात्राओं के स्वागत में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए।

### छात्रों को स्मृति चिन्ह से किया सम्मानित

बच्चों ने स्कूल परिवार एवं शिक्षक शिक्षिकाओं के द्वारा मिलें ज्ञान एवं स्नेह व जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा को अभिव्यक्त करते हुए भावविभोर हुए। रस्सी खींच,पंचा लड़ाओ, साड़ी पहनाओं, मिमिक्री, पर्ची के अनुसार डायलॉग एवं डांस कार्यक्रम में छात्र-छात्राएं ने काफी मनोरंजन किया। संस्था के प्राचार्य डी के साहू, व्याख्याता गण मोहन बंजारे, पार्वती वर्मा, हेमलता वर्मा, वंदना गोस्वामी, राजकुमार सोनवानी, मंजू ध्रुव, पल्लवी देवांगन, प्रिया साहू, नीली वर्मा ने बच्चों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कक्षा 12वीं में उच्च अंक अर्जित कर उत्तीर्ण होकर अपने माता-पिता एवं स्कूल व अपने गांव का नाम रोशन करने कहा। 12वीं के छात्र-छात्राओं को विदाई समारोह में स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया ।

# शहीद कप क्रिकेट स्पर्धा में टाइगर 11 बिलारी की टीम बनी विजेता

**पलारी।** नगर पंचायत पलारी के वार्ड क्रमांक 15 स्थित खेल मैदान में आयोजित शहीद कप क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन पुरस्कार वितरण समारोह के साथ संपन्न हुआ। समारोह में नगर पंचायत अध्यक्ष गोपी साहू मुख्य अतिथि रहे, जबकि जिला कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष हितेन्द्र ठाकुर ने अध्यक्षता की। कार्यक्रम में नगर पंचायत उपाध्यक्ष पिंटू वर्मा, मंडल अध्यक्ष मनीष चंद्राकर, सभापति नेमसिंह बांधे, पार्षद नारायण धीवर, घनश्याम धीरहे एवं पुनीत निषाद विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला टाइगर 11 बिलारी और निहाल किंग सिरसाही के बीच खेला गया, जिसमें टाइगर 11 बिलारी की टीम विजेता बनी। निहाल किंग सिरसाही उपविजेता रही, जबकि ईगल 11 अमेरा की टीम ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। पुरस्कार वितरण में विजेता टीम को 1 लाख, उपविजेता को 50 हजार तथा तृतीय स्थान प्राप्त टीम को 25 हजार की राशि प्रदान की गई। अतिथियों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए आयोजन समिति को सफल आयोजन के लिए बधाई दी। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में खेल प्रेमी नागरिक उपस्थित रहे।



# साहू समाज ने बेटियों के विवाह में उपहार देकर की नई शुरुआत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अर्जुनी

बलौदाबाजार विकासखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्रामीण साहू समाज संघ अर्जुनी द्वारा नवविवाहित समाज की बेटी की विवाह में पहुँचकर उपहार संप्रेम भेटकर समाज की दिशा में एक नई पहल की शुरुआत की गई। जिससे समाजजनों में भी हर्ष है जो अब समाज की बेटियों के विवाह में ग्रामीण साहू समाज संघ अर्जुनी द्वारा समाज के बेटियों के विवाह में उपहार स्वरूप संप्रेम भेट करते रहेंगे।

अध्यक्ष राधेश्याम साहू ने कहा की साहू समाज द्वारा बेटी की विवाह में उपहार स्वरूप संप्रेम भेट की गई है। जो समाज के लिये नई पहल की शुरुआत है अब जितनी भी साहू समाज की बेटियों की शादी होंगे उन्हें उपहार देकर समाज द्वारा सम्प्रेम भेट किया जायेगा। इस अवसर में साहू समाज के ग्रामीण अध्यक्ष राधेश्याम साहू, सचिव ओमप्रकाश साहू, कोषाध्यक्ष कामेश्वर साहू, युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष गैदलाल साहू सहित सामाजिक जन उपस्थित थे।

## मातृ सम्मेलन, स्कूल में पढ़ रहे विद्यार्थियों की माताओं ने लिया हिस्सा

# माताओं ने बच्चों के शारीरिक, मानसिक और व्यवहारिक विकास पर साझा किए अनुभव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी



शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला कौड़ीया में गत दिवस मातृ सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें स्कूल के अध्ययनरत बच्चों के माताओं ने हिस्सा लिया मिडिल स्तर के बच्चों में शारीरिक, मानसिक और व्यवहारिक बदलाव के प्रति सकारात्मक विचार रखते हुए बच्चों को जागरूक रखने की जानकारी दी गई। विशेष कर बढते उम्र के साथ बालक, बालिकाओं के बदलते स्वभाव एवं स्वास्थ्य के प्रति बात रखी।

संस्था प्रमुख मेघराम जायसवाल ने मातृशक्तियो को सम्बोधित करते हुए मातृ सम्मेलन के प्रशिक्षिका प्रिया साहू हायर सेकेंडरी स्कूल गोड़ा व गोदेश्वरी साहू स्कूल टीपावन ने शासन के निःशुल्क योजनाओं को बताया जैसे पाठ्य पुस्तक, गणवेश, सरस्वती साइकिल, मध्याह्न भोजन, छात्रवृत्ति, कराटे प्रशिक्षण जैसे महती योजनाओं की जानकारी दी गई।

इस अवसर पर उपस्थित महिलाओं ने पारम्परिक गीत सुवा, नारी जागृति, बेटी पड़ाव बेटी बचाओ के नारे लगाए गए व अपने बीते समय को याद कर काफी उत्साहित थे। इस अवसर पर शाला के कर्मचारियों में मनोज चन्द्राकर, सुशील बंजारे, मालिकराम, ईशा वर्मा आदि उपस्थित रहे।

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 16,500/
12 ज्योतिर्लिंग
स्पेशल ट्रेन से 29 जुलाई से 08 अगस्त 2026 तक
रिजर्वेशन कोच
18 मार्च, 08 अप्रैल, 13 मई 2026 (11 दिन)
7 ज्योतिर्लिंग यात्रा
श्री द्वारिकाधीश, श्री द्वारिकाभेंट, श्री शिरडी सांई बाबा, महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, ओंकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, सोमनाथ ज्योतिर्लिंग, नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, घृनेश्वर ज्योतिर्लिंग, त्रयंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग, भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग, श्री शनि सिंघनापुर
राशिः-स्लीपर -16,500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 32,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411